सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-17
09/01/2018

मुख्यमंत्री ने नशा, बाल–विवाह और दहेज प्रथा के खिलाफ जी मीडिया के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

पटना, 09 जनवरी 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज दहेज प्रथा, बाल विवाह और सभी तरह के नशा के खिलाफ जी मीडिया द्वारा तैयार किए गए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संवाद, मुख्यमंत्री सचिवालय के सामने से जागरुकता रथ को रवाना करते हुए मुख्यमंत्री ने जी बिहार–झारखंड की इस मुहिम का पुरजोर समर्थन किया और कहा कि ऐसे प्रयासों से दहेज प्रथा और बाल विवाह के खिलाफ आंदोलन को बल मिलेगा। जी मीडिया का ये जागरुकता रथ सभी 38 जिलों में सौ दिनों तक घूम–घूम कर लोगों को इन कुरीतियों के खिलाफ जागरुक करेगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सघन अभियान की शुरूआत हुई है और इसको व्यापक समर्थन मिल रहा है। अगर मीडिया के द्वारा इस काम को आगे बढ़ाया जाए तो इसको काफी बल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे खुशी है कि जी बिहार–झारखंड की तरफ से एक यात्रा निकाली जा रही है, और उसके माध्यम से शराबबंदी के पक्ष में, नशामुक्ति के पक्ष में, बाल–विवाह तथा दहेज प्रथा के खिलाफ जो अभियान है उसे अपने ढंग से चलाएंगे और इससे आम लोगों पर और ज्यादा असर पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं समझता हूँ कि इससे अभियान और सशक्त होगा और जो हमलोगों का आह्वान है कि 21 जनवरी को रविवार के दिन इस वर्ष फिर से मानव श्रृंखला बनेगी, बाल विवाह और दहेज प्रथा के विरुद्ध और उस मानव श्रृंखला में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी होगी, अगर मीडिया के द्वारा इस अभियान को बल दिया जाए। मुख्यमंत्री ने जी0 मीडिया के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी लोगों से अपील करेंगे कि सब लोग इस मुहिम में अपने ढंग से लगें ताकि समाज को इन कुरीतियों से छुटकारा मिल सके।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, सहकारिता मंत्री श्री राणा रंधीर सिंह, विधायक श्री श्याम रजक, विधान पार्षद श्री नीरज कुमार, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, निदेशक सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग श्री अनुपम कुमार, जिलाधिकारी कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, चैनल हेड श्री पुरूषोत्तम वैष्णव, रीजनल एडीटर श्री स्वयं प्रकाश समेत अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

******